राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अखबार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UHIN/2012/43078 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

सीतापुर से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

सीतापुर, शुक्रवार 18 जुलाई 2025

वर्ष 14, अंक 99, पृष्ट 04, मूल्य: 01 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

चार बीघा सरकारी जमीन से कब्ज़ा जमींदोज पांच करोड़ की जमीन कराई खाली..03

एंबुलेंस ड्राइवरों की समस्या का हल नहीं तो महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव..04

## महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल, फडणवीस-उद्धव ठाकरे की बंद कमरे में हुई मुलाकात

स्वतंत्र प्रभात





महाराष्ट्र विधानसभा में आज एक अहम राजनीतिक हलचल देखने को मिली, जब मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और शिवसेना (उद्धव गुट) प्रमुख उद्धव ठाकरे के बीच एक बंद कमरे में मुलाकात हुई। यह बैठक विधान परिषद के सभापति राम शिंदे के कक्ष में करीब 20 मिनट तक चली, जिसमें उद्धव ठाकरे के साथ उनके बेटे आदित्य ठाकरे भी मौजूद थे। यह मुलाकात ऐसे समय पर हुई है जब एक दिन पहले ही देवेंद्र फडणवीस ने उद्धव ठाकरे को सत्ता पक्ष में शामिल होने का न्योता दिया था। सूत्रों के मुताबिक, इस मुलाकात में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद, राज्य में तीन-भाषा नीति और अन्य राजनीतिक मुद्दे शामिल थे।

**राज्य में बन रहे नए राजनीतिक समीकरण?**

हालांकि दोनों नेताओं की ओर से इस मुलाकात को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन यह मुलाकात महाराष्ट्र की राजनीति में संभावित नए समीकरणों के संकेत के तौर पर देखी जा रही है।

**फडणवीस ने दिया था उद्धव को सत्ता में शामिल होने का प्रस्ताव**

गौरतलब है कि बुधवार को ही मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधान परिषद में अपने पुराने साथी रहे उद्धव ठाकरे को सत्ता पक्ष में शामिल होने का प्रस्ताव दिया था। हालांकि इस प्रस्ताव पर सदन में कुछ हल्की-फुल्की चुटकियाँ ली गईं, लेकिन शिवसेना (BT) प्रमुख ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। फडणवीस के इस ऑफर पर बाद में उद्धव ठाकरे ने मीडिया से कहा, "कुछ बातों को मजाक में लेना चाहिए।"

**फडणवीस का पूरा बयान**

दरअसल, देवेंद्र फडणवीस ने विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे के कार्यकाल के खत्म होने पर आयोजित विदाई समारोह के दौरान यह बयान दिया था। सीएम ने उद्धव ठाकरे को सत्ता पक्ष में शामिल होने का प्रस्ताव देते हुए कहा था, "देखिए उद्धव जी, 2029 तक हमारे वहां (विपक्ष में) आने का कोई स्कोप नहीं है, लेकिन आप यहां (सत्ता पक्ष) आ सकते हैं, इस पर विचार किया जा सकता है।"उन्होंने यह भी कहा, "हम वहां जाएं, यह ऑप्शन अब बचा नहीं है।" फडणवीस ने यह भी कहा कि अंबादास दानवे चाहे जहां भी हों (पक्ष या विपक्ष) लेकिन उनके वास्तविक विचार राष्ट्रवादी हैं।

**महाराष्ट्र का बदलता राजनीतिक समीकरण**

फडणवीस का यह बयान ऐसे वक्त में आया, जब महाराष्ट्र की राजनीति में गठबंधनों और टकरावों का दौर जारी है। 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा और शिवसेना (उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में) के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर मतभेदों के कारण गठबंधन टूट गया था। इसके बाद उद्धव ने महाविकास अघाड़ी (M VA) बना कर सरकार बनाई थी। हालांकि, 2022 में एकनाथ शिंदे के विद्रोह के बाद उद्धव की सरकार गिर गई थी। इसके बाद बीजेपी के समर्थन से एकनाथ शिंदे ने सरकार बनाई थी।

## निमिषा प्रिया की होने वाली फांसी को रोकने और रिहाई के लिए कानूनी प्रयास तेज, विदेश मंत्रालय हुआ सक्रिय

स्वतंत्र प्रभात

यमन में फांसी की सजा से बरी हुई निमिषा प्रिया की रिहाई के लिए कानूनी और कूटनीतिक प्रयास तेज हो गए हैं। फांसी की सजा स्थगित होने के बाद अब उनके लिए वरिष्ठ वकील सुभाष चंद्रन को नियुक्त किया गया है, जो निमिषा प्रिया और उनके परिवार को कानूनी सहायता प्रदान करेंगे। सुभाष चंद्रन ने बताया कि जेल से उनकी रिहाई के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। यमन में शरिया कानून के तहत हत्या के लिए मौत की सजा तय है, लेकिन इसमें 'ब्लड मनी' का विकल्प भी मौजूद है। इसके तहत मृतक के परिवार को मुआवजा देकर माफी दिलाई जा सकती है। इसके अलावा बिना ब्लड मनी के भी माफी मिलने की संभावना बनी हुई है। भारत सरकार ने भी इस मामले में सक्रिय भूमिका निभाई है। विदेश राज्य मंत्री रणधीर जायसवाल ने कहा कि उन्होंने निमिषा के परिवार को मृतक पक्ष से समझौता करने के लिए और समय दिलाने की विशेष कोशिश की है। यमन के अधिकारियों ने 16 जुलाई 2025 को होने वाली सजा को फिलहाल स्थगित कर दिया है। सरकार इस मामले पर लगातार नजर रखे हुए है और मित्र देशों के साथ भी संपर्क बनाए हुए है।

**परिवार को मनाने की कोशिश जारी**

मृतक यमनी नागरिक तलाल अब्दो



महदी के परिवार ने निमिषा को फांसी की सजा देने की मांग की है, लेकिन माफी के लिए मनाने की कोशिशें भी जारी हैं। ऑल इंडिया जमीयतुल उलेमा के महासचिव और सुन्नी नेता कंथापुरम ए.पी. अबूबकर मुसलियार ने अपने यमनी सूफी विद्वान मित्र शेख हबीब उमर बिन हाफिज के माध्यम से मध्यस्थता की, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। इसी के चलते यमन सरकार ने फांसी की सजा स्थगित की है। मुसलियार ने कहा कि तलाल के परिवार से माफी के लिए बातचीत जारी है, हालांकि उनके मन में बदले की भावना भी है। निमिषा प्रिया केरल के पलक्कड़ जिले के कोल्लेंगोडे की निवासी हैं। उन्हें जुलाई 2017 में यमन में एक नागरिक की हत्या का दोषी पाया गया था। वर्ष 2020 में यमन की अदालत ने उन्हें मौत की सजा सुनाई थी। नवंबर 2023 में यमन की सर्वोच्च न्यायिक परिषद ने उनकी अपील खारिज कर दी थी। वह फिलहाल यमन की राजधानी सना की जेल में बंद हैं, जो ईरान समर्थित हूती समूह के नियंत्रण में है।

## यू.पी. पुलिस का शर्मनाक कारनामा- रेप पीड़िता से दारोगा और सिपाही ने की अश्लील चैट

स्वतंत्र प्रभात

उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले से एक बहुत ही चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जिसमें एक नाबालिग लड़की को रेप का शिकार बनाने के बाद उसकी शिकायत करने पर पुलिसवालों की हरकतें भी चर्चा में आ गई हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मामला इस तरह है कि रामपुर की एक नाबालिग लड़की ने अपनी मां के साथ मिलकर पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि उसके 2 सगे भाइयों ने उसके साथ रेप किया है। इस शिकायत को अब IGRS पोर्टल पर भी दर्ज कराया गया था।

**जांच के बहाने लिया नंबर, फिर शुरू की अश्लील चैटिंग और कॉल**

बताया जा रहा है कि जब पुलिस की टीम लड़की के घर पहुंची तो इस दौरान एक दारोगा उदयवीर सिंह और एक सिपाही सरफराज की गलत हरकतें सामने आईं। दरअसल, दारोगा ने पीड़िता का मोबाइल नंबर ले लिया। फिर उसने Whatsapp पर लड़की को कॉल कर अश्लील बातें करनी शुरू कर दीं। इसके अलावा, दोनों ने मिलकर लड़की के साथ अश्लील चैट भी की। जब लड़की ने इन बातों का विरोध किया, तो पुलिसकर्मी उसकी और उसकी मां की बात नहीं सुनें। उल्टा, हल्के-फुल्के तौर पर तैनात सिपाही सरफराज को लड़की का मोबाइल देने का जिम्मा सौंपा गया। सिपाही ने लड़की का मोबाइल लेकर उसकी Whatsapp चैट और कॉल का डिटेल मिटा दी। साथ ही, लड़की और उसकी मां को धमकी भी दी।

**विरोध करने पर सिपाही ने जबरन डिलीट कराए सबूत**

यह सारी घटना जब एसपी रामपुर के पास पहुंची तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई की। एसपी ने आरोपी दारोगा उदयवीर सिंह और सिपाही सरफराज दोनों को निलंबित कर दिया है। इन दोनों पुलिसकर्मियों पर आरोप है कि उन्होंने शिकायत करने वाली लड़की के साथ गलत हरकतें कीं और उसकी बातें और चैट डिलीट कर दीं। रामपुर पुलिस ने इन दोनों की निलंबन की जानकारी अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर भी दी है। साथ ही, एसपी ने इस मामले की पूरी जांच सीओ शाहबाद को सौंपी है।

**एसपी ने तुरंत लिया संज्ञान, दारोगा और सिपाही निलंबित**

यह मामला बहुत गंभीर है और पुलिस की इस तरह की हरकतें बहुत ही निंदनीय हैं। पुलिस अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने शिकायतकर्ता लड़की और उसकी मां के साथ गलत बर्ताव किया। इस घटना से यह भी पता चलता है कि पुलिस विभाग में भी सुधार की जरूरत है और ऐसी हरकतों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### गौशाला में सोया हुआ था किसान...तभी आए बदमाश और धारदार हथियार से कर दी हत्या, मची-चीख पुकार

बिहार में रोहतास जिले के अमझोर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक किसान की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। वहीं, इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को यहां बताया कि अमरा गांव निवासी और किसान पारसनाथ सिंह (52) अपने गौशाला में सोए हुए थे तभी अपराधियों ने धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी। आशंका व्यक्त की जा रही है कि पुरानी रंजिश में इस वारदात को अंजाम दिया गया है। इधर, घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।

### कैलिफोर्निया बुलेट ट्रेन को ट्रंप सरकार का झटका, 4 अरब डॉलर की फंडिंग ली वापस



ट्रंप प्रशासन ने कैलिफोर्निया की बुलेट ट्रेन परियोजना की धनराशि वापस ले ली है, जिससे इस बात को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है कि राज्य प्रशासन सैन फ्रांसिस्को और लॉस एंजिलिस के बीच इस परियोजना के अपने पुराने वादे को कैसे पूरा कर पाएगा। अमेरिकी परिवहन विभाग ने कहा कि वह इस परियोजना की चार अरब अमेरिकी डॉलर की राशि वापस ले रहा है। हालांकि, उसने कुछ सप्ताह पहले ही इस बात के संकेत दे दिए थे। परियोजना के लिए एक-चौथाई से भी कम राशि संघीय सरकार की ओर से दी गई थी जबकि शेष धनराशि राज्य सरकार ने मुहैया कराई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और परिवहन मंत्री सीन डफी, दोनों ने इस परियोजना की कड़ी आलोचना की और इसे ''कहीं नहीं जाने वाली ट्रेन' बताया। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा, 'जिस रेलमार्ग का हमसे वादा किया गया था, वह आज तक नहीं बना और कभी बनेगा भी नहीं। इस परियोजना की लागत बहुत अधिक है और यह नियमों के पचड़ों में फंस चुकी है..."

## गृह मंत्री अमित शाह बोले- मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत 11वें से चौथे नंबर पर...

स्वतंत्र प्रभात

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को जयपुर के निकट दादिया में आयोजित सहकारिता एवं रोजगार सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति और सरकार की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

**अर्थव्यवस्था और सुरक्षा पर फोकस**

अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा, "मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत 11वें नंबर से आगे बढ़कर चौथे नंबर की अर्थव्यवस्था बन गया है।"उन्होंने देश की सुरक्षा में आए बदलावों पर भी जोर दिया। शाह ने कहा कि पहले कांग्रेस के शासनकाल में आए दिन आतंकी हमले होते



थे और कोई ठोस जवाब नहीं दिया जाता था, लेकिन अब मोदी सरकार में "हम आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देते हैं।"

हाल ही में पहलगाम में हुए हमले का जिक्र करते हुए शाह ने कहा, "अभी पहलगाम में हमला हुआ। हमने ऑपरेशन सिंदूर करके पाकिस्तानी आतंकवादियों के परखच्चे उड़ा दिए।" उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई से भारत ने दुनिया को यह संदेश दिया है कि वह अपने नागरिकों पर हमला बर्दाश्त नहीं करेगा। शाह ने राजस्थान की धरती को "वीरता, देशभक्ति और धर्म संरक्षण की भूमि" बताया और महाराणा प्रताप सहित अनेक वीरों को नमन किया।

**राजस्थान और राष्ट्रीय सुरक्षा में योगदान**

अमित शाह ने आगे कहा कि जब भी देश की सुरक्षा की बात आती है, तो उसमें सबसे ज्यादा योगदान राजस्थान के युवाओं का होता है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में आज हमारा भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है. राजस्थान की पहचान ऊंटों से होती है और केंद्र सरकार ने उनके रखरखाव के लिए भी काम किया है। शाह ने पेपर लीक की समस्या पर भी बात की, जिससे राजस्थान लंबे समय से त्रस्त था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद "हमने पेपर लीक माफियाओं पर नकेल कसी है।"

## बांग्लादेश में हिंदू घरों पर सेना और कट्टरपंथियों का अटैक

### ● अगवा कर ले गए 4 लड़कियां, हमले में 12 हिंदुओं की मौत

स्वतंत्र प्रभात



बांग्लादेश के गोपालगंज जिले से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। मंगलवार रात कर्फ्यू लागू होने के बाद बांग्लादेश आर्मी ने जमात-ए-इस्लामी के आतंकियों के साथ मिलकर हिंदू घरों पर हमला कर दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस हमले में कम से कम 12 हिंदू समुदाय के लोगों की हत्या कर दी गई जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि हमला योजनाबद्ध तरीके से किया गया और हमलावरों ने कई हिंदू परिवारों के घरों को आग के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि हमलावर चार हिंदू लड़कियों को भी जबरन अपने साथ ले गए जिनका अब तक कोई सुराग नहीं लगा है। हमले का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसे लेकर कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस हमले के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और बड़ी संख्या में हिंदू परिवार सुरक्षित जगहों की तलाश में पलायन कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक बांग्लादेश सरकार की ओर से इस घटना पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। गोपालगंज वही इलाका है जो प्रधानमंत्री शेख हसीना का गृह जिला माना जाता है। हालिया दिनों में वहां नेशनल सिटिजन पार्टी और अवामी लीग के बीच टकराव के बाद पहले ही हिंसा भड़क चुकी थी, जिसके चलते प्रशासन ने कर्फ्यू लगा दिया था।इस ताजा हमले से बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय मानवाधिकार संगठनों ने सरकार से जल्द से जल्द लापता लड़कियों को ढूंढने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि गोपालगंज जिले में बुधवार को शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग और नेशनल सिटिजन पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच जोरदार झड़पें हुई, जिसमें अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है और दर्जनों लोग घायल हैं। सबसे अहम बात यह है कि यह इलाका शेख हसीना का गृह जनपद माना जाता है यहीं उनके पिता शेख मुजीब-उर-रहमान का जन्म हुआ था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नेशनल सिटिजन पार्टी की रैली को रोकने के लिए अवामी लीग के कार्यकर्ताओं ने रास्तों में पेड़ काटकर डाल दिए और हथियारों के साथ घेराबंदी की। कई सरकारी वाहनों में आग भी लगा दी गई। आरोप है कि इसके बाद रैली स्थल पर भी हमला किया गया। झड़पों के दौरान सुरक्षाबलों की ओर से भी गोलीबारी हुई।

## 15 करोड़ की योजना में 150 करोड़ का फर्जी बिल... C M रेखा बोलीं- पूर्ववर्ती सरकारों के 'भ्रष्टाचार के अड्डों 'को खत्म कर देंगे



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी में पूर्ववर्ती सरकारों के समय रहे "भ्रष्टाचार के सभी अड्डों" को खत्म करने का बृहस्पतिवार को संकल्प लिया। उनका यह बयान उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना द्वारा पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की "जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना" में कथित भ्रष्टाचार की जांच के आदेश देने के एक दिन बाद आया है। वर्ष 2018 में शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निजी कोचिंग संस्थानों में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों को मुफ्त कोचिंग प्रदान करना था। हालांकि, इस साल फरवरी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत नई सरकार बनने के बाद इस योजना को बंद कर दिया गया था। एक कार्यक्रम में जब इस मामले की जांच के लिए जारी निर्देशों के बारे में पूछा गया तो गुप्ता ने कहा, "अगर आप किसी योजना के लिए 15 करोड़ रुपए आवंटित करते हैं और फिर 150 करोड़ रुपए के बिल जमा करते हैं, तो काम कैसे चलेगा? हम पूर्ववर्ती सरकारों के मौजूद भ्रष्टाचार के अड्डों को खत्म कर देंगे।"उन्होंने आश्वासन दिया कि जनता की "कड़ी मेहनत की कमाई" बर्बाद नहीं होगी।

## टेक-ऑफ से पहले फ्लाइट में आई तकनीकी खराबी, लखनऊ से दुबई जा रही थी फ्लाइट

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ-** राजधानी के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दुबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट IX-193 में उड़ान से ठीक पहले तकनीकी खामी सामने आई। पायलट ने इंजन में संभावित गड़बड़ी की जानकारी देते हुए विमान उड़ाने से इनकार कर दिया, जिसके बाद करीब 160 यात्रियों को फ्लाइट से उतारना पड़ा। विमान सुबह 9:45 बजे दुबई के लिए रवाना होने वाला था। टेक-ऑफ से पूर्व की नियमित जांच के दौरान पायलट को इंजन में संभावित दिक्कत का संकेत मिला। सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पायलट ने तत्काल एयरलाइंस प्रबंधन को सूचित किया और उड़ान रद्द कर दी गई।

**यात्रियों का फूटा गुस्सा, तीन घंटे तक इंतजार**

फ्लाइट के रद्द होने के बाद यात्रियों को टर्मिनल पर लौटा दिया गया। इनमें से कई यात्री दुबई से अन्य अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट पकड़ने वाले थे। असमंजस और लंबे इंतजार के कारण यात्रियों में गुस्सा देखने को मिला। कुछ यात्रियों ने सोशल मीडिया के जरिए नाराजगी जाहिर करते हुए सवाल उठाए कि यदि तकनीकी समस्या पहले से थी तो बोर्डिंग क्यों कराई गई। यात्रियों का कहना है कि एयरलाइंस द्वारा शुरुआत में स्पष्ट सूचना नहीं दी गई और उन्हें करीब तीन घंटे तक अनिश्चितता में रखा गया।

**एयर इंडिया एक्सप्रेस का बयान**

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने बयान जारी कर कहा, "फ्लाइट IX-193 को टेक-ऑफ से पहले पायलट द्वारा इंजन में संभावित खराबी की सूचना दी गई। यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उड़ान को रोका गया और सभी यात्रियों को सुरक्षित उतारा गया। वैकल्पिक यात्रा प्रबंध किए जा रहे हैं।"

**DGCA ने लिया संज्ञान, मांगी रिपोर्ट**

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGC) ने इस घटना का संज्ञान लेते हुए एयर इंडिया एक्सप्रेस से इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। तकनीकी खामी की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बलरामपुर में छांगुर बाबा के नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई, भतीजा मोहम्मद सब्रोज गिरफ्तार- ATS की FIR में था नाम दर्ज

स्वतंत्र प्रभात

उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में विवादों में घिरे जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के नजदीकी लोगों पर सुरक्षा एजेंसियां लगातार शिकंजा कस रही हैं। गुरुवार देर रात 1 बजे स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने उनके भतीजे मोहम्मद सब्रोज को गिरफ्तार कर लिया। सब्रोज उतरौला थाना क्षेत्र के रेहरा माफी गांव का निवासी है, जहां छांगुर बाबा ने अपनी पत्नी को 2 बार चुनाव लड़वाया था। मिली जानकारी के मुताबिक, एसटीएफ की टीम गुरुवार रात लगभग 1 बजे उतरौला बस स्टॉप पर पहुंची, जहां सब्रोज मोटरसाइकिल पर खड़ा था। टीम ने उसे रोककर पूछताछ शुरू की और मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। मोहम्मद सब्रोज का नाम पहले से ही एटीएस की एफआईआर में दर्ज था। इस गिरफ्तारी के बाद छांगुर बाबा के नेटवर्क के अन्य सहयोगियों के लिए मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। एसटीएफ पूरे मामले की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है।

**एटीएस गवाह पर हमला**

इससे पहले अवैध धर्मांतरण के मामले में बयान ना बदलने पर छांगुर बाबा के गुर्गों ने एटीएस के गवाह हरजीत कश्यप पर



हमला किया था। हरजीत को बुरी तरह से पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हरजीत कश्यप ग्राम रसूलाबाद के निवासी हैं और उन्होंने छांगुर पर जबरन धर्मांतरण कराने का आरोप लगाया था। हरजीत के अनुसार, छांगुर के गुर्गों रियाज, कमालुद्दीन और नव्वाब ने उन्हें धमकाते हुए कहा कि रसूलाबाद गांव पाकिस्तान जैसा है, और यहां रहकर मुसलमानों से बगावत करने पर उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। साथ ही धमकी दी कि योगी सरकार के बाद उनकी कार्रवाई की जाएगी।

**बयान देने के बाद हुई मारपीट**

हरजीत ने बताया कि उन्होंने 3 जुलाई को लखनऊ में छांगुर बाबा के खिलाफ जबरन धर्म परिवर्तन कराने के मामले में बयान दिया था। इसके बाद 7 जुलाई को वे दवा लेने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जा रहे थे, तभी उतरौला चौराहा के पास तीनों आरोपियों ने उन्हें रोककर पीटना शुरू कर दिया और 24 घंटे के अंदर लखनऊ जाकर बयान बदलने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक उतरौला कोतवाली अवधेश राज सिंह ने बताया कि मामले की जांच जारी है और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

**छांगुर के करीबी की तलाश**

एटीएस की टीम बीते मंगलवार रात गोंडा के धानेपुर क्षेत्र के रेतवागाड़ा गांव में छांगुर बाबा के एक करीबी की तलाश में पहुंची। जांच के दौरान रमजान नाम के शख्स का नाम सामने आया। वह कव्वाली कार्यक्रमों में ढोलक बजाता था और इसी सिलसिले में उसकी मुलाकात छांगुर से हुई थी। कहा जाता है कि छांगुर ने रमजान को धर्म परिवर्तन के लिए लोगों को तैयार करने की जिम्मेदारी दी थी। ग्रामीणों के अनुसार रमजान की 2024 में मौत हो गई। एटीएस ने रमजान के नाम वाले एक अन्य व्यक्ति के बारे में भी जानकारी जुटाई है। प्रशासन इस पूरे मामले में सतर्क है और छांगुर बाबा के खिलाफ कार्रवाई तेज कर रहा है।

